## खबर संक्षेप

### राजस्थानी गौ सेवा समिति ने 180 गौवंश को कराया भोजन

**छिंदवाड़ा।** कल वैशाख सुदी दूज मंगलवार 29 अप्रैल के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल स्वाध्याय प्रेमी दिगंबर जैन मुमुक्षु समाज एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन स्वर्णपुरी सोनगढ़ के संत आध्यात्मिक सतपुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी का 136 वां उपकार दिवस विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा। उपकार दिवस के अवसर पर छिंदवाड़ा में जियो ओर जीने दो के साथ सर्वोदय अहिंसा की पवित्र भावना को लेकर भीषण ग्रीष्म काल की देखते हुए रविवार अमावस्या के शुभ दिन राजस्थानी गौ सेवा समिति एवं सर्वोदय अहिंसा की टीम नगर पालिक निगम द्वारा संचालित गौशाला खापाभाट पहुंची ओर वहां निवास कर रहे 180 पशुधन की सेवा कर उन्हें हरी सब्जी, फल, मिष्ठान, गुड खिलाकर जीव दया का परिचय दिया।

### एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

**छिन्दवाड़ा।** एम. पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता (HRA) के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम. पी. ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है। सात लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को उनके मूल वेतन का 10 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ते के रूप में देय होगा। तीन लाख से अधिक लेकिन 7 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 7 प्रतिशत होगी। तीन लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 5 प्रतिशत निर्धारित की गई है। जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वे कार्मिक जो कंपनी आवास में रह रहे हैं या किराया रहित कंपनी आवास में निवासरत हैं।

### आरोपियों के पास से पुलिस ने बरामद की छह मोटर साइकिलें

# चोरी की गाड़ियां बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



जिले में थाना अमरवाडा अंतर्गत रविवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो लडके अमरवाड़ा में अंबेडकर पार्क के पास घूम फिरकर चोरी की मोटर सायकल को बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहे है, सूचना पर तत्काल त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर संदेहियो को अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ किया गया।

जिन्होनें पूछताछ पर 06 नग मोटर सायकल क्रमशः थाना बिछुआ,मोहखेड़ एवं थाना लावाघोघरी के अलग अलग स्थानो से चोरी करना बताया जिसके बाद आरोपियो की निशानदेही में 06 नग मोटर सायकलो को जप्त कर पुलिस ने अपने कब्जे में लिया गया।पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा अजय पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता द्वारा संपत्ति सबंधी अपराधो व अवैध गतिविधियो में लिप्त लोगो की निरंतर धर-पकड़ व अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों,अपराधों पर अंकुश लगाने तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)अमरवाडा रवीद्र मिश्रा,थाना प्रभारी अमरवाडा राजेंद्र धुर्वे के नेतृत्व में मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदेही नजीम कुरैशी एवं अभिषेक उर्फ लकी विश्वास से सघनता व सूक्ष्मता से पूछताछ करने पर 06 नग मोटर सायकल को थाना बिछुआ,मोहखेड़ एवं लावाघोघरी के विभिन्न क्षेत्रों से चुराकर लाना एवं बेचने के लिये ग्राहक तलाश करना पाए जाने पर थाना अमरवाडा में आरोपियों के विरुद्ध शुमार न. 01/25 धारा 35(ड) भा.ना.सु.स. 303(2) भा.ना.स. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।आरोपियों को पकड़ने में टीआई राजेंद्र धुर्वे,उप.निरीक्षक राघवेंद्र उपाध्याय,सउनि द्वारका प्रसाद पाल,सउनि रजनीश सोनी, प्र.आर. 531 जयसिंह, प्र.आर. 806 रामगणेश तिवारी, आर. 557 संजीव, सैनिक 79 देवेद्र सूर्यवंशी की महत्वपूर्ण भुमिका रही।पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा भी की गई है।

### धरमटेकड़ी पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

## पुलिस ने जब्त की 3 लाख 48 हजार रूपये की मशरूका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

धरमटेकड़ी पुलिस ने शराब माफियाओ पर कार्रवाई करते हुए तीन लाख 48 हजार रूपए की शराब बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा श्री अजय पाण्डे एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता (आई.पी.एस.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अजय राणा एवं थाना प्रभारी कुंडीपुरा निरी. मनोज बघेल के कुशल मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियो पर शक्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, इसी क्रम में चौकी प्रभारी धरमटेकडी उनि राजेश साहू के द्वारा चौकी क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाते हुए मुखबिर तंत्र सक्रिय कर टीम गठित कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुये शराब तस्कर एवं विक्रय व परिवहन करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत त्वरित एवं सख्त प्रभावी कार्यवाही की गयी ।

पराग बुनकर पिता मनोज बुनकर उम्र 22 वर्ष एवं शरद कोलारे पिता शिवप्रसाद कोलारे उम्र 32 वर्ष को वनगांव रिंग रोड के पास परासिया रोड में 05 खड्डे के कार्टून/पेटी में अंग्रेजी शराब आफिसर च्वाईस के जिसमें प्रत्येक में 48 – 48 पाव सीलबंद प्रत्येक में 180 मि.ली. के तथा 02 खड्डे के कार्टून /पेटी में देशी प्लेन मदिरा प्रत्येक में 50-50 पाव सीलबंद प्रत्येक में 180 मि.ली. के कुल 61.200 लीटर शराब कीमती तथा महेन्द्रा कंपनी एक इलेक्ट्रिक आटो क्र. MP28-ZG-0299 सफेद रंग के साथ पकडा गया । आरोपी गणों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट अंतर्गत मामला दर्ज कर 3,47,800/- रूपये का मशरूका जप्त किया गया दोनो गिरफ्तार आरोपीगण को माननीय न्यायालय पेश किया गया । विजय पिता सुमरलाल उइके उम्र 35 वर्ष को इंद्रा नगर क्षेत्र में 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया ।

#### एक आरोपी पर मामला दर्ज

आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर 1000 मूल्य की शराब जप्त की गई । गगन पिता दसरू यादव उम्र 25 वर्ष को सारना क्षेत्र में 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया । आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर 1000 मूल्य की शराब जप्त की गई । राजेश पिता येमचंद्र सनोडिया उम्र 43 साल निवासी पटेल कॉलोनी छिंदवाड़ा को अपनी पत्नी को आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में चंद घंटो में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

#### इनकी रही भूमिका

पुलिस टीम चौकी प्रभारी राजेश साहू , प्रआर विनय, आर. सूरज, आर. आलम पुलिस टीम द्वारा सतर्कता और त्वरित कार्रवाई कर यह सफलता प्राप्त की गई। पुलिस द्वारा ऐसे अवैध कार्यों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्ती से त्वरित कार्यवाही जारी रहेगी।

## राहगीरों की प्यास बुझाने समाजसेवी दयानंद ने अनेक स्थानों पर खोले प्याऊ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भीषण गर्मी को देखते हुये राहगीरों की प्यास बुझाने समाजसेवी दयानंद ने नगर में विभिन्न स्थानों पर प्याऊ केन्द्र खोलने का विगत लंबे समय क्रम जारी रखा है । इसी क्रम में उन्होनें सिटी कोतवाली, मुख्य डाकघर के सामने, मुख्य डाकघर के पीछे आधार कार्ड केन्द्र, हनुमान मंदिर के पास लालबाग, संतोषी माता दरबार चार फाटक के पास, शैल पुत्री माता मंदिर बुधवारी बाजार सहित अन्य स्थानों पर प्याऊ खोले जा रहे है, जिससे इस भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले राहगीरों की प्यास बुझ सके । दयानंद ने बताया कि उन्होनें प्रत्येक प्याऊ केन्द्र में प्रतिदिन साफ-सफाई की व्यवस्था, विधिवत गिलास एवं स्टेण्ड लगाकर मिट्टी के घड़ों की व्यवस्था की है ताकि साफ-सफाई बनी रही और राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके । साथ ही उन्होनें पशु, पक्षियों के लिये पेजयल के पात्र रखे हैं जिससे कि इस भीषण गर्मी में प्यास से तरसते पशु-पक्षियों की प्यास बुझ सके । दयानंद के द्वारा किये जा रहे इस पुनीत कार्य में शहर के अन्य लोग भी उनका सहयोग कर रहे हैं ।



### जल संरक्षण का बताया महत्व

**छिंदवाड़ा।** 30 मार्च से 30 जून तक आयोजित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छिंदवाड़ा द्वारा कार्य पालन यंत्री के.एस.कुसरे के निर्देशन मे एकल नलजल योजनाओ के स्त्रोतों की जिओटेगिंग, नलजल योजनाओ के स्त्रोतों के अंतर्गत पाइप लाइन लीकेज,टपकते नल सुधारना,पानी के अपव्यय की समस्याओं हेतु आवश्यक कदम , जल स्त्रोतों की साफ सफाई आदि कार्य जिला समन्वयक, विकास खंड समन्वयक,अन्य मैदानी अमलो के द्वारा उपरोक्त अभियान के कार्यो का संपादन समस्त विकास खंडों मे किया जा रहा है, अभी तक स्त्रोतो की जियोटैगिंग 1411,रिचार्ज साप्ट प्रस्ताव 58,पाइप लाइन लीकेज 76 ,नलो के लीकेज 82,टूटे नल बदले 97 प्रचार प्रसार गतिविधि 36, आदि कार्य किए गए।

### संसद भवन का भ्रमण करेंगी देवगढ़ की छात्राएं

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से देवगढ़ की 16 छात्राएं पहली बार संसद का भ्रमण करेगी। इनमें से 13 छात्राएं ऐसी है जिन्होंने अभी तक एक बार भी ट्रेन में सफर नहीं किया था। इनमें से सिर्फ 3 छात्राओं ने ही ट्रेन में सफर किया है। रविवार को सांसद श्री साहू ने अपने परासिया रोड स्थित आवास में देवगढ़ की छात्राओं और शिक्षकों से मुलाकात कर उन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा के इतिहास में यह पहला मौका है कि किसी सांसद की पहली और प्रयासों से ग्रामीण अंचलों में रहने वाले विद्यार्थियों को संसद और दिल्ली भ्रमण का मौका मिला है। जिसमें सांसद श्री साहू की ओर से विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए दिल्ली तक आने जाने एवं रहने के साथ ही सभी व्यवस्थाएं की गई है। पिछले दिनों छिंदवाड़ा के 6 पत्रकारों सहित तामिया के 14 विद्यार्थियों एवं 2 शिक्षकों ने संसद सहित दिल्ली का भ्रमण किया था।

## अतिथि शिक्षक ने छात्रा से की छेड़छाड़

### पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

जिले के अमरवाड़ा थाना क्षेत्र चौकी सिंगोड़ी में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में एक सरकारी स्कूल के अतिथि शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।सिंगोड़ी चौकी के एसआई पंकज राय के अनुसार, लगभग 40 वर्षीय आरोपी अतिथि शिक्षक ने शनिवार को कक्षा 9 की एक छात्रा को किताबें देने के बहाने अपने घर बुलाया, जहां उसने छात्रा के छेड़छाड़ की।घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता के परिजनों ने सिंगोड़ी चौकी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की धारा 9 (एफ)/10, 7/8के साथ अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(डब्ल्यू), 3(2)(वीए) और बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 74, 75 के तहत मामला दर्ज किया है।आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित

**छिंदवाड़ा:** गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पी. जी. कॉलेज छिंदवाड़ा की छिंदवाड़ा की स्तुति मलिक को कॉलेज स्तर पर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता होने के लिए सम्मानित किया गया। विजडम स्कूल छिंदवाड़ा के शिक्षक दिलीप माकड़े को प्रांतीय विशिष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जिला संयोजक श्रीमती शिखा वर्मा, प्राचार्य पी जी कॉलेज प्रो. वाय. के. शर्मा, समिति प्रवक्ता प्रो. अमर सिंह, हिंदी विभाग के प्रो . लक्ष्मीचंद, प्रो. सुशील व्यौहार, प्रो. रामशंकर दियावार, प्रो. टीकमणि पटवारी, प्रो. सीमा सूर्यवंशी, प्रो. रचना लारिया, प्रो . शैलकुमारी, प्रो. पायल बिसेन ने सम्मानित होने वाली छात्रा और शिक्षक को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## बेरडी और सौंसर में आतंकवाद का किया गया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रविवार को ग्राम बेरडी के आजाद चौक पर ग्रामवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन कर निर्दोष हिंदु पर्यटकों की हत्या पर आक्रोश जताया,ग्राम वासियों ने रैली निकाल कर नगर भ्रम करते हुए जमकर आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की साथ ही आतंकवादियों का पुतला भी दहन किया, इस दौरान दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित, सौसर नगर में भारतीय जनता पार्टी मंडल सौसर की ओर से भी पहलगाम में हुई आतंकी हमले का विरोध करते हुए सरदार भगत सिंह चौक से श्री छत्रपति शिवाजी चौक तक रैली निकाल कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला दहन किया है।सौसर मंडल भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाडे ने बताया जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में 28 पर्यटकों का दुखद निधन हुआ यह बहुत दुखद घटना है, भाजपा मंडल के द्वारा गहरा शोक व्यक्त करते हुए सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बढ़ा रहे छिंदवाड़ा की शान

### नितिन बात्री बने नेपाल जनता पार्टी के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले का कोई भी बेटा या बेटी जब कोई विशेष कार्य करता है तो हर नागरिक का गौरान्वित होना स्वाभाविक है और ऐसे ही गौरव की अनुभूति प्रदान करने का अवसर प्रदान किया है नितिन बात्री ने।

छिंदवाड़ा के बेटे नितिन बात्री ने नेपाल जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन नाथ पाठक और राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर राजीनंद प्रसाद चौधरी ने छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड परासिया के ग्राम रावनवाड़ा में जन्मे और वर्तमान में दिल्ली में निवासरत नितिन बात्री को पार्टी का अंतर्राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है।

नितिन बात्री की इस उपलब्धि से छिंदवाड़ा जिले, मध्य प्रदेश और पूरे देश को गर्व महसूस हो रहा है। नितिन बात्री छिंदवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 9 लहगडुआ के निवासी हैं और उनके स्व. पिता श्री सुरेश बात्री डब्ल्यू. सी.एल. से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका छोटा भाई श्री नितेश बात्री लहगडुआ में ही निवासरत हैं।

**शिक्षा और उपलब्धियां:** श्री बात्री ने नागपुर से एमबीए किया है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय दिल्ली की स्वायत्त संस्था सीडीसी द्वारा प्रबंधन परामर्श कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। उनकी पुस्तक द सीक्रेट लेम्प आफ ए 100 बिलियन फार्च्यून देश के कई केबिनेट मंत्रियों और बुद्धिजीवियों द्वारा सराही गई है।

**राजनीतिक और सामाजिक करियर:** नितिन बात्री ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के स्टडी सर्कल से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की और युवाओं के साथ विकास की राजनीति कार्यक्रम का बेहतर समन्वय किया। वे भाजपा दिल्ली प्रदेश (मजदूर मोर्चा) के पूर्व मीडिया प्रभारी और प्रदेश सचिव भी रहे। समाज सेवा में उन्होंने कई व्यक्तियों का इलाज कराने और उनकी समस्याओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया:** नितिन बात्री पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के आल इंडिया पावर ग्रिड सुपरवाइजर एसोसिएशन के संरक्षक रहे हैं और जूनियर आफिसर्स एसोसिएशन की स्थापना में भी उन्होंने संस्थापक सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**नई जिम्मेदारी:** अंतर्राष्ट्रीय संयोजक के रूप में नितिन बात्री भारत और नेपाल जनता पार्टी के उद्देश्यों और हितों को पूरा करने और सनातन मूल्यों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने का कार्य करेंगे।

### केंद्रीय विद्यालयों की क्रिकेट प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में आज केंद्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग के उपायुक्त श्री दिग्गराज मीणा के मुख्य आतिथ्य में जबलपुर संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालयों की क्रिकेट प्रतियोगिताओं का रंगारंग शुभारंभ हुआ । इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत अंडर 17 में जबलपुर संभाग की कुल 7 एवं अंडर 14 में कुल 4 टीमें प्रतिभागिता कर रही है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 प्रांगण में आयोजित शुभारंभ समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि श्री दिग्गराज मीणा, विद्यालय प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के खेल अधिकारी डॉ.सुशील पटवा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव और चीफ रेफरी श्री असलम खान के द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्प अर्पित किये गये ।

### जुन्नारदेव में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से हुआ 1021 जोड़ों का सामूहिक विवाह

# भाजपा ने गरीब पिता को सम्मान के साथ जीने का हक दिया : सांसद बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव





गरीबों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से भाजपा सरकार ने गरीब पिता को सम्मान के साथ जीने का हक दिया है। इसमें गरीब भी अपनी बेटी का विवाह बाजे गाजे और धूमधाम से सम्मान के साथ कर पा रहा है। उक्त बात सांसद बंटी विवेक साहू ने जुन्नारदेव में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने नव विवाहित जोडों को शुभकामनाएं दी और उन पर फूल बरसाए।

जीएम ऑफिस खापा स्वामी कन्हान वैली स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत रविवार को 1021 जोडों ने एक दूसरे का हाथ थामा। इसमें तीन निकाह भी शामिल है। जुन्नारदेव में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री कन्यादान कल्याण योजना से विवाह हुए है। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि गरीब के कल्याण के लिए निकली योजना में कन्यादान योजना भी महत्वपूर्ण है। पहले गरीब को बेटी का विवाह सम्मान के साथ करने की चिंता रहती थी। वह इस योजना के माध्यम से अपनी बेटी का विवाह सम्मान के साथ कर पा रहा है। आज हजारों लोगों की उपस्थिति में विवाह संपन्न हो रहे है। इस अवसर पर सामारोह को भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती, विधायक सुनील उईके,जनपद अध्यक्ष जुन्नारदेव सविता बोसम, नगरपालिका अध्यक्ष जुन्नारदेव रमेश सालोडे, नगरपालिका अध्यक्ष दमुआ किरण खातरकर ने भी संबोधित किया।

5 करोड़ 29 हजार के प्रतीकात्मक चैक प्रदान किये

कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू ,पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती, विधायक सुनील उईके,जनपद अध्यक्ष जुन्नारदेव सविता बोसम, नगरपालिका अध्यक्ष जुन्नारदेव रमेश सालोडे, नगरपालिका अध्यक्ष दमुआ किरण खातरकर ने वर वधुओं को 5 करोड़ 29 हजार के प्रतिकात्मक चैक प्रदान किया।

#### सांसद ने बजाए ढोल नगाड़े, थिरके जनप्रतिनिधि

इससे पहले दुर्गा स्टेज से बारात निकली। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू भी ढोल बजाते हुए बारात में शामिल हुए। बारात में शामिल जनप्रतिनिधि भी जमकर नाचे। बडी संख्या में स्थानीय नागरिक भी विवाह समारोह में पहुंचे।

### घर-घर धम्म पहुंचने बुद्ध धम्म प्रचार समिति कर रही प्रयास

# बुद्ध विहार में हुई 22 प्रतिज्ञाओं पर एकदिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पावन दीक्षा भूमि पर मानव जीवन के कल्याण के लिए 22 प्रतिज्ञाएं दी थी,देश विश्व के हर व्यक्ति 22 प्रतिज्ञाओं को अंगीकार करेगा तो निश्चित ही उसका और परिवार का कल्याण होगा,जिस तरह तथागत भगवान बुद्ध ने करुणा मैत्री शांति का मार्ग संपूर्ण विश्व को दिया वैसे ही वर्तमान परिवेश में संविधान निर्माता द्वारा दी गई 22 प्रतिज्ञाओं को अंगीकार करना अत्यंत आवश्यक हो गया है,मनुष्य के जीवन में परिवार में यदि दुख है तो उसे परिश्रम और मेहनत करके ही दूर किया जा सकता है, उपरोक्त उद्गार रविवार को सौसर बौद्ध विहार में बुद्ध धम्म प्रचार समिति की ओर से आयोजित 22 प्रतिज्ञा पर कार्यशाला कार्यक्रम में रविकांत



गौतमी,एड. राजेश शंभरकर ने व्यक्त किये, कार्यशाला का शुभारंभ तथागत बुद्ध डॉ बाबासाहेब आंबेडकर को अभिवादन एवं 22 प्रतिज्ञाओं का संकल्पना के साथ में बुद्ध धम्म प्रचार समिति प्रमुख के.सोमकुंवर,समिति अध्यक्ष डॉ वाय.एल ठवरे, मोरेश्वर रंगारे,अशोक कड़बे,आदि के द्वारा किया गया, समिति अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे ने बताया संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के 4 दिसंबर 1954 को रंगून में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धर्म परिषद में घोषणा की थी साथ ही 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पावन दीक्षा भूमि पर बौद्ध धर्म की दीक्षा लेते हुए मानव जीवन के कल्याण के लिए 22 प्रतिज्ञाएं दी गई है, इसी उद्देश्य को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था,कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ. रमेश शंभरकर ने की,आयोजन के दौरान 22 प्रतिज्ञाओं को किस तरीके से हमें पालन करना है,तथागत बुद्ध,डॉ बाबा साहब अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, आई सावित्री फूले के विचारों को घर-घर तक पहुंच कर अंधश्रद्धा अशिक्षा को समाप्त करना है,इस पर मार्गदर्शन दिया गया, कार्यक्रम में भारतीय बौध्द महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,मुरलीधर कामले,देवेंद्र बागड़े,डॉ राहुल वाहने,मुकेश बागड़े,राजेंद्र सोमकुंवर,मदन बंसोड़,सुजीत दुफारे,डॉ आंबेडकर नवयुवक मंडल अध्यक्ष पंकज शेंडे,अरुण चवरे,रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल सौसर अध्यक्ष पमिता बागड़े,श्रीमती माया दुफारे,रेखा गजभिये,ज्योति बंसोड़,नितल हनवते,माया बागड़े,शिला धुर्वे,यमुना शेंडे आदि मौजूद रहे।

## नव दंपति को सांसद ने दिया आशीर्वाद

**रावनवाड़ा / परासिया :-** रावनवाड़ा के प्रतिष्ठित साहू परिवार के नव दंपति को छिंदवाड़ा सांसद ने आशीर्वाद दिया। सांसद विवेक बंटी साहू रावनवाड़ा में भूतपूर्व सरपंच छगनलाल साहू के घर पहुंचे। जिनके पुत्र हिमांशु साहू का विवाह छिंदवाड़ा की सुरभि साहू के संग 25 अप्रैल को संपन्न हुआ। इस नव दंपति को सांसद ने पुष्प गुच्छ देकर आशीर्वाद दिया इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य सुभद्रा साहू ( दादी ) छगनलाल साहू (पिता) , ज्योति साहू (माता) , यस साहू , अंशुल साहू (भाई) और नम्रता साहू (बहू) मौजूद रहे।



## तामिय में मनाई गई सेन महाराज की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

आज 26 अप्रैल दिन शनिवार को तामिया में बहुत ही धूमधाम से सेन जयंती मनाई गई तामिया सेन समाज के नए युवक अध्यक्ष शिवम सेन एवं वरिष्ठ अध्यक्ष श्याम सेन एवं तामिया के समस्त परिवार सहित पधारे सेन जयंती में समाज के सभी बंधु एवं माता बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा दिया सेन समाज उन सभी सो जाती का ता दिल से शुक्रिया अदा करते हैं एवं लोगों ने समाज के चंद्रशेखर श्रीवास जी का एवं वरिष्ठ डॉक्टर विजय सिंह जी एवं गोपाल साहू जी, विनोद अग्रवाल जी मनमोहन साहू जी कांग्रेस के वरिष्ठ, कुरैशी डेहरिया जी, उपाध्याय जी तामिया के नए टीआई साहब जैतवार जी का अभिनंदन स्वागत किया गया एवं पहलगाम कश्मीर आतंकी विरोध एवं श्रद्धांजलि दी गई जो की 26 लोगों के आत्म शांति के लिए 2 मिनट का मोहन धारण किया गया श्री चंद्रशेखर श्रीवास द्वारा मंच संचालन किया गया एवं समाज के प्रति जागरूकता का परिचय दिया जिसकी सेन समाज बहुत ही सरायना करते हैं एवं सेन जी महाराज का हवन पूजन एवं संगीत भजन बहुत ही धूमधाम से ग्राम पंचायत तामिया में मनाया गया मैं उन सभी सेन समाज के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं एवं बधाई के पत्र भी हो ऐसा ही बढ़-चढ़कर समाज का काम आगे भी करते रहे ऐसी आप लोगों से अपेक्षा है।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी भाजपा मंडल एवं हिंदू संगठनों सहित ग्रामीणों ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को दोपहर में बस स्टैंड में पाकिस्तान का पुतला जलाकर किया विरोध किया।जम्मू कश्मीर के पहलगाम में विगत दिनों अतंगवादियो द्वारा इंसानियत को सरमसार करने वाली घटना को अंजाम दिया गया था घूमने गए पर्यटको को गोलू मार दी थी जिसके विरोध में सिंगोड़ी में स्थानीय लोगों के द्वारा बस स्टैंड सिंगोड़ी में पाकिस्तान एवं आतंकवाद का पुतला जलाकर आतंकवाद का विरोध किया। तथा उपस्थितों ने राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि आतंकी हमला करने वाले आतंकियों पर कठोर करवाई की जाए ताकि ऐसी घटना दूसरी बार ना हो और आतंकियों को फांसी दी जाए। इस अवसर पर सैकड़ो भाजपा पदाधिकारी विभिन्य हिंदू संगठन के पदाधिकारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## निर्माण कार्य में हो रही थी लीपापोती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन चिखली में एक निर्माण कार्य में लीपा पोती किए जाने की सूचना मिलने के बाद नपं अध्यक्ष ने दखल दिया तो कार्य में सुधार किया गया। दरअसल न्यूटन वार्ड 4 शिव मंदिर के पीछे क्षेत्र में सुरेश हरडे के मकान के पीछे गली में लगभग 50 मीटर लंबाई और लगभग डेढ़ मीटर चौड़ाई में 8 इंच कांक्रिट बिछाया जाना है। नपं इंजीनियर ने रविवार को यह कार्य दोपहर में शुरू कराया। काम कर रहे लोगों ने करीब 10 मीटर में 3 से 4 इंच कांक्रीट बिछाकर काम बंद कर दिया। स्थानीय लोगों के पूछने पर इंजीनियर के आदेश का हवाला दिया गया। जब लोगों ने नपं अध्यक्षा अनुपमा राय से शिकायत की तो अध्यक्षा ने इंजीनियर से बात की , उसके बाद काम में सुधार लाया गया और पूरी गली में कांक्रीट बिछाना शुरू किया गया।

## फंदे पर लटका मिला , सरपंच का नौकर, पुलिस कर रही जांच

**परासिया :-** जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत पाठा के सरपंच का नौकर फंदे पर लटका मिला। पुलिस नौकर के फंदे पर लटकने के कारणों का पता लगा रही है। मृतक के गले में निशान और नाक से खून निकलता पाया गया था।गौरतलब है , कि 25 वर्षीय मंगलसिंह परतेती ग्राम पंचायत पाठा के सरपंच राजू पवार के यहां नौकरी करता था। जो 26 अप्रैल की सुबह काम पर गया , पर रात 10 बके तक घर नहीं लौटा तो परिजनों और गांव वालों ने उसकी तलाश की तो पाया , कि वह गांव के ही एक डेम के समीप झाड़ में फंदे लटका हुआ है। ग्रामीणों ने उसे फंदे से उतारा और तत्काल परासिया अस्पताल लेकर आए। अस्पताल वालों की सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची। ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा तैयार करने के बाद मृतक का शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। अब पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के मरने के पीछे के कारणों का खुलासा भी नहीं हो पाया है।

### आतंकवाद के विरोध में वारासिवनी रहा पूर्णत: बंद

# दिवंगतों की शांति के लिए नागरिकों ने किया यज्ञ








वारासिवनी।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को पूरे बालाघाट जिले सहित वारासिवनी नगर व क्षेत्र के कोचेवाही, रामपायली, रैलॉजी आदि सभी ग्रामों में भी बंद रखा गया। इस बंद से आवश्यक सेवाओं दवाई दुकान, पेट्रोल पंप, चिकित्सा संस्थान को मुक्त रखा गया था।

शनिवार को सुबह से ही नगर की दुकानें बंद रही। सुबह लगभग 10 बजे सर्व समाज के युवाओं द्वारा बाईक रैली निकाल कर नगर में भ्रमण किया गया और दुकानदारों से अपनी-अपनी दुकानें बंद रखने का अनुरोध किया गया। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से संबंधित सभी दुकानें खुलीरही। बसों का आवागमन प्रारंभ रहने से जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

दिन भर दुकानें बंद रहने से पूरा बाजार सूना नजर आया। नगरवासी चाय, पान व नाश्ते के लिए तरस गए। बस स्टैंड क्षेत्र की सभी दुकानें बंद रहने के कारण बाहर से आने वाले यात्रियों को पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ा। शाम को सर्वसमाज द्वारा स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर से पैदल रैली निकाली गई। इस रैली में विधायक विवेक विक्की पटेल, भूतपूर्व विधायकद्वय डॉ. योगेन्द्र निर्मल व ओंकार सिंह बिसेन, विभिन्न समाज के अध्यक्षों सहित सैकड़ों नागरिकगण शामिल हुए।

यह पैदल रैली बड़ा श्रीराम मंदिर से निकल कर नगरपालिका के सामने से होते हुए जामा मस्जिद के पीछे से गोलीबार चौक होते हुए आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, फव्वारा चौक होते हुए जय स्तभ चौक पहुँची। रैली में नागरिकों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। जय स्तभ चौक पर पहलगाम के बैसरन में आतंकवादियों द्वारा मारे गए देश के नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी नागरिकों द्वारा मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुति भेंट कर मृतात्मा को स्वर्ग में स्थान मिलने की कामना की गई।

इस दौरान आम सभा का आयोजन भी किया गया। जिसको विधायक विवेक पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, भूतपूर्व विधायकद्वय डॉ. योगेन्द्र निर्मल व ओंकार सिंह बिसेन, कोष्टी समाज अध्यक्ष मनीष हेडाऊ, प्रियंका राहुल गॉधी विचार मंच जिला अध्यक्ष जावेद अली, अधिवक्ता जाहिद हुसैन सहित अन्य नागरिकों ने पहलगाम में घटित नृशंस हत्याकांड की तीखी भत्र्सना करते हुए पाकिस्तान पर भारत में आतंकवाद को बढ़ाने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने केन्द्र सरकार से मॉग की कि आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने के लिए कड़े कदम उठाये जाए और बेकसूर भारतीय की हत्या करने वालों को बक्शा नहीं जाये।

वक्ताओं के उद्बोधन के बाद पाकिस्तान के पुतले को नागरिकों द्वारा जूते व चप्पलों से मारा गया और उसे पैरों तले रौंदने के बाद उसमें आग लगा दी गई। इस दौरान नागरिकों द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के गगनभेदी नारे लगाए जाते रहे। फिलहाल आतंकवाद के खिलाफ वारासिवनी बंद पूर्णतः सफल रहा।

कार्यक्रम के बाद नागरिकों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम राजीव रंजन पांडे को सौंपा।

## भीषण गर्मी से मिली राहत, सुबह से ही छतरपुर जिले में रहा ठंडा मौसम

### दिनभर चली ठंडी हवाएँ, लोगों ने ली राहत की सांस

छतरपुर।

प्रदेश में लंबे समय से भीषण गर्मी झेल रहे छतरपुर जिले के लोगों को रविवार को बड़ी राहत मिली। सुबह से ही आसमान पर घने बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं ने पूरे इलाके को सुकून भरा बना दिया। तेज धूप और चुभती गर्मी से परेशान राहगीरों और आम नागरिकों ने मौसम के इस खुशनुमा बदलाव का भरपूर आनंद लिया। बता दे की सुबह होते ही जिले के प्रमुख नगरों छतरपुर, घुवारा, भगवा ,बमनौरा रामटौरिया और आसपास के इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और हवाओं का रुख भी तेज हो गया। दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। वही मौसम विभाग ने पहले ही पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया था कि मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है और हवाएं तेज चल सकती हैं। हालांकि छतरपुर जिले में रविवार को हल्की हल्की बारिश हुई, और आसमान में बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहावना बना रहा। वही रविवार को तापमान में आई गिरावट से लोग अपने घरों से बाहर निकल कर घूमते नजर आए। पार्कों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हलचल देखने को मिली। बच्चों और बुजुर्गों ने भी मौसम का आनंद लिया। दुकानदारों और छोटे व्यापारियों ने बताया कि ठंडे मौसम के चलते आज ग्राहकों की आवाजाही भी बढ़ी।

## ग्राम पंचायत महयाबा जनपद गौरिहार में 60 लाख के फर्जी भुगतान का बताया गया

## कमिश्नर के आदेश के बाद भी नहीं हुई जांच, लीपापोती में जुटा स्थानीय अमला

गौरिहार।

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महयाबा की सचिव श्रीमती रचना मिश्रा द्वारा 60 लाख की राशि को अवैध रूप से भुगतान करने की शिकायत बीते 11 अप्रैल को कमिश्नर सागर से की गई थी, शिकायत के बाद 17 अप्रैल को कमिश्नर द्वारा कलेक्टर छतरपुर को पत्र लिखकर विंदुवार जांच कर अभिमत सहित प्रतिवेदन भेजने को कहा गया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच न होने से मामले में स्थानीय अमला लीपापोती करने में जुटा है। कार्रवाई न होता देख शिकायत करने वाले ग्रामीण अब मंगलवार को जनसुनवाई में पुनः जांच के लिए आवेदन करेंगे।

### सचिव पर 60 लाख रुपये के फर्जी भुगतान के लगे हैं आरोप

-

कमिश्नर को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने सचिव द्वारा 60 लाख रुपये के फर्जी वाउचर बनाकर भुगतान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि सचिव द्वारा करीब 40 लाख 27 हजार 5 सौ 5 रुपये का भुगतान सीसी सड़क, कूप मरम्मत व साफ सफाई आदि के नाम पर ग्राम निबीखेड़ा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता शिवदत्त सेन को किया गया है जबकि उसके पास कोई बैध जरिया नहीं जिससे वह भुगतान ले सके। इसी तरह हरवंशपुर निवासी सुरेश मिश्रा को फर्जी तरीके से 20 लाख 68 हजार 100 रुपये का भुगतान किया गया है यह भुगतान आंगनबाड़ी भवन निर्माण, टैंकर मरम्मत, कुर्सी क्रय आदि के नाम किया गया है। जबकि इनके पास भी कोई फर्म या दुकान नहीं है।

### सीईओ सहित सचिव व भुगतान पाने वालों की कब होगी जांच?

पत्र में 60 लाख के फर्जी भुगतान के मामले में जनपद पंचायत सीईओ, सचिव सहित भुगतान पाने वाले शिवदत्त सेन व सुरेश मिश्रा खिलाफ जांच करने का अनुरोध किया गया है। कमिश्नर सागर द्वारा जांच के लिए पत्र भी लिखा गया लेकिन अभी तक जांच की शुरुआत भी नहीं हो सकी है।

## खबर संक्षेप

### खाटू श्याम के दर्शन के लिए लंबी लगी रही कतार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।बरघाट नगर मे आयोजित खाटू श्याम भजन संध्या के सफलतम आयोजन उपरांत श्री श्याम फाउंडेशन बरघाट की ओर से धार्मिक आयोजन से जुड़े सदस्यों का स्मृति चिन्ह भेट कर उनका अभिनन्दन किया इस अवसर पर कार्यक्रम मे श्याम दरबार के दर्शन से मन्त्रमुग्ध श्रद्धांलुओं मे दरबार टीम से शेखर श्रीवास का, व इस कार्यक्रम मे रात्रि तक भण्डारे के सफल संचालन व आयोजक राहुल साहू व तनु साहू को एवं आये हुए भक्तो के लिए उचित प्रबधन किया विशालकाय मंच साज सच्चा मंच बैठक व्यवस्था व साउंड मे अखिल अग्रवाल, सौरभ जयसवाल साउंड मंच के लिए विकास जैन, अंशुल पवार को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम की दोनों गायिका अनुष्का अधिष्टा को आमंत्रित करने वाली टीम विमल माधवानी व अन्य साथिओं को सम्मानित किया गया।

# उगली के मोहगांव पारटोला में सूखे कुएं में गिरा तेंदुआ

**वन विभाग हो या पेंच नेशनल पार्क प्रबंधन सिवनी जिले में दोनो की लापरवाही वन्य प्राणियों की सुरक्षा के मामले में घटना के बाद ही उजागर होती है। फोटो सेशन और मीडिया में झूठी वाहवाही लूटने वाला वन विभाग व पेंच नेशनल पार्क प्रबंधन की वजह से वन्य प्राणियों की जान खतरे में है जबकि इसके लिये लाखों करोड़ो का बजट सरकार दे रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

ऐसा ही एक मामला उगली के मोहगांव पारटोला के किसान के खेत में बने कुएं जिसमें पानी नहीं है उस कुंए में तेंदुआ का बच्चा गिर गया है। इसके बचाने के लिये वन विभाग की टीम लगभग 12 घंटे से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद मौका स्थल पर पहुंचा है। बरघाट प्रोजेक्ट निगम क्षेत्र प्रबंधन के अधिकारी कर्मचारी भी सिर्फ योजनाओं के बजट में सेंध लगाने का काम ही कर रहे है। तेंदूआ कूएं में गिरने की घटना सूत्र बताते है कि बरघाट प्रोजेक्ट निगत क्षेत्र में आती है।

सूत्र तो यह भी बताते है कि उक्त तेंदूआ के साथ उसकी मां व एक और तेंदुआ का बच्चा भी साथ में लेकिन कूएं में गिरने के कारण वह निकल नहीं पाया। बताया जाता है कि उक्त घटना 26 एवं 27 अप्रैल की मध्य रात्रि की है लेकिन वन विभाग की टीम घटना स्थल पर बहुत लेट पहुंची है।

सिवनी जिले के केवलारी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक खेत के सूखे कुएं में तेंदुआ शावक को देखा। कुएं की गहराई लगभग 15 फीट बताई जा रही है। रात की घटना में वन विभाग की टीम दोपहर में पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि तेंदूआ शावक अपनी मां के साथ था लेकिन जंगल से भटककर खेत की ओर आ गया था और असावधानीवश कुएं में गिर गया। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल वन विभाग को सूचना दी, जिससे समय रहते रेस्क्यू कार्य शुरू हो सका।



### रेस्क्यू कर भेजा गया भोपाल

लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शावक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शावक की उम्र करीब 6 से 8 महीने के बीच आंकी गई है और उसकी हालत फिलहाल सामान्य बताई गई है। प्राथमिक उपचार के पश्चात शावक को बेहतर देखभाल और निगरानी हेतु भोपाल ट्रांजिट सेंटर भेजा गया है। वन अमले ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से अपील की कि वे जंगल से सटे क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखें और किसी भी वन्यजीव की उपस्थिति की जानकारी तत्काल विभाग को दें, ताकि वन्यजीवों और

# पुलिस के हत्थे चढ़ा आईपीएल क्रिकेट सट्टा

**पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा अवैध शराब विक्रय, जुआ एवं सट्टा पट्टी पर सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।**

## एक मोबाईल एवं नगदी 5000 रूपये जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देशन, एसडीओपी लखनादौन के मार्गदर्शन में थाना छपारा एवं थाना लखनादौन पुलिस टीम द्वाराकार्यवाही करते हुए मुखबिर द्वारा मोबाईल में आईपीएल सट्टा खिलाने की सूचना पर दिनांक 26.04.2025 को रेड कार्यवाही करते हुए छपारा गायत्री एजेंसी के पास रोड किनारे आरोपी मयंक भारद्वाज पिता पवन भारद्वाज उम्र 32 वर्ष निवासी तिरूपति नगर छपारा थाना छपारा अपने मोबाईल पर आईपीएल सट्टा खिलाते मिलने पर आरोपी से पूछताछ करने पर टिन्कू सिसोदिया निवासी जनपद कार्यालय के पास छपारा एवं सौरभ ठाकुर (दलसागर) निवासी ग्राम गोकलपुर के साथ पार्टनरशिप में मिलकर आई.पी.एल. सट्टा खेलने एवं खिलाने बताया। आरोपी मयंक भारद्वाज के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त एक ओप्पो कम्पनी का एंड्राइड मोबाइल, नगदी 5000/- रूपये जप्त किया जाकर आरोपियान मयंक भारद्वाज, टिन्कू सिसोदिया एवं सौरभ ठाकुर के विरूद्ध धारा- 4 (क) सट्टा एक्ट, 49 बीएनएस पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक थाना प्रभारी लखनादौन- के.पी. धुर्वे, आरक्षक- सूरज मेहरा, नवनीत पाण्डेय, संदीप उईके, सैनिक गोपाल, निरीक्षक थाना प्रभारी छपारा खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उपनिरी सुक्कूलाल उईके, सउनि भुजबल सिंह प्रजापति, प्रआर जयेन्द्र बघेल, आरक्षक रवि बहेटवार, गजानंद वर्मा, रामनरेश कैथवास, आशीष चौहान शामिल रहे।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए सेवा प्रदाताओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिजीत पचौरी के मार्गदर्शन में विकासखंड सिवनी अंतर्गत विवाह में सेवा प्रदाताओं जिसमें लॉन, कैटरिंग वाले, खाना बनाने, घोड़ी वाले, डेकोरेशन, फूल सज्जा करने वाले, कार्ड प्रिंट करने वाले आदि की बैठक लेकर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी प्रदाय कर उन्मुखीकरण किया गया।

कार्यशाला में धर्मगुरु एवं काजी ने उपस्थित लोगों को बताया कि बाल विवाह करना और उसमें सहभागिता करना, कानूनी रूप से गलत है साथ ही सामाजिक और धार्मिक रूप से भी ऐसा करना गलत है। सभी बालक और बालिका को अपने जीवन में आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। परियोजना अधिकारी ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका और 21 वर्ष से कम उम्र के बालक का विवाह, बाल विवाह कहलाता है, जो कि एक दंडनीय अपराध है। इसमें शामिल समस्त लोगों और सेवा पर कार्यवाही के लिए सजा और जुर्माने का प्रावधान है सेवा प्रदाताओं को बताया कि वे किसी भी विवाह में सेवा देते समय ये सुनिश्चित करें कि वह बाल विवाह नहीं हो। अगर उनकी जानकारी में ऐसा आए तो वे तत्काल जिला प्रशासन को सूचित करें ताकि ऐसे विवाह को रोका जा सकें। बाल विवाह की सूचना सीएम हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, डायल 100 के साथ साथ ग्राम पंचायत, पुलिस थाना, तहसील कार्यालय, परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास को दे सकते हैं। बैठक में बाल विवाह रोकथाम के लिए उपस्थित जनों की शपथ कराई गई। जिला प्रशासन ने बाल विवाह रोकने में सहयोग करने की अपील की है।




## नगर में हो मुनि संघों का चातुर्मास : हम सब की है यही एक आस

# आचार्य समयसागर, निर्यापक द्वय मुनि सुधासागर ,मुनि प्रसादसागर को सिवनी चातुर्मास हेतु किया गया निवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

विगत दिनों सिवनी जैन समाज का एक शिष्ट मंडल जबलपुर लाखा भवन में विराजित संत शिरोमणी परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक ज्येष्ठ सुशिष्य वर्तमान पट्टाधीश परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर महाराज के पास वर्ष 2025 के चातुर्मास प्रवास हेतु अपनी मंगल भावनाओ को निवेदित करते हुए उपस्थित हुआ। सकल जैन समाज सिवनी की और से शिष्ट मंडल ने पूज्य श्री को अवगत कराते हुए जानकारी दी गई कि चातुर्मास में श्रमण श्री संघ के निहार एवं वन बिहार हेतु उत्तम प्रबंधन हेतु प्रासुक भूखंड क्रय कर लिया गया है। जिसके चारो ओर सीमेंटेड पक्की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।निर्माणाधीन आचार्य विद्यासागर अहिंसा संयम द्वार एवं पूज्य आचार्य श्री की प्रेरणा से संचालित दयोदय व रक्षा संस्थान गौशाला की प्रगति पर भी चर्चा की गई। पुनः श्रमणो की धर्म साधना में पूर्णतः अनुकूल धर्म नगरी सिवनी के लिए श्रीफल अर्पित करते हुए चातुर्मासिक प्रवास हेतु सामूहिक निवेदन कर आचार्य भगवन का मंगल आशीर्वाद प्राप्त कर शिष्ट मंडल गोसलपुर सम्मेदगिरी में विराजित निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज एवं तेवरी कटनी में विराजित पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री प्रसादसागर महाराज के चातुर्मास की भावना से दर्शनार्थ प्रस्थित हुआ जहां श्रमण श्री संघों ने सभी को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुदर्शन बाझल,वर्तमान अध्यक्ष पवन दिवाकर,मनोज बाझल,संदीप बाझल,पारस जैन, डैनी बाझल नीरज बाझल, नितिन जैन भोमियो, नीतेश गोयल,यतेंद्र पटेल,आदि उपस्थित रहे।



# कुएं में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र के बोरदई गांव के समीप स्थित कुएं में नहाने गए 22 वर्षीय सद्दाम खान की डूबने से रविवार को मौत हो गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

घटना के समय सद्दाम बाल्टी से पानी निकाल रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे कुएं में गिर गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। डूंडा सिवनी थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से कुएं, तालाब, नदी और सरोवरों में नहाते समय सावधानी बरतने की अपील की है। पिछले कुछ दिनों में क्षेत्र में जल स्त्रोतों में डूबने से कई मौतें हुई हैं। बंडोल में नदी में डूबने से 2 लोगों की, कुरई में कुएं में डूबने से एक युवक की और घंसौर में तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है।



# सिवनी नगर मे बनेगा T-55 टैंक का नया घर



हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

भारत-पाकिस्तान 1971 युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम का प्रतीक बना T-55 टैंक अब मध्यप्रदेश के सिवनी जिले की शान बनने जा रहा है। यह ऐतिहासिक क्षण सिर्फ सिवनी जिलेवासियों के लिए नहीं बल्कि प्रदेश के साथ साथ देशवासियों के गर्व का विषय है। सिवनी जिला मुख्यालय में यह टैंक भारतीय सेना द्वारा मात्र शक्ति संगठन के सम्मान में मात्र शक्ति संगठन को हैण्डओवर किया गया है, जोकि जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस के बगल में स्थापित होना है. लेकिन हालफिलहाल इस टैंक को पुलिस ग्राउंड में रखा जाएगा.अब यह गौरवशाली टैंक 28 अप्रैल को सिवनी, मध्यप्रदेश में प्रवेश करने जा रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए पूरा नगर उत्साहित है। मातृ शक्ति संगठन को भारतीय सेना द्वारा यह अद्वितीय उपहार प्रदान किया जा रहा है।

# सेटेलमैन्ट के नाम से प्रताड़ित करता है अंजय विश्वकर्मा प्रभारी डीडीओ

## सहायक आयुक्त से कार्रवाही करवाने की धमकी देकर होती है वसूली, 24 शिक्षकों ने लिखित शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज छपारा।** बीडीओ कार्यालय जनपद छपारा के अंतर्गत आने वाले संकुल केंद्र गोरखपुर अंतर्गत प्रभारी डीडीओ अंजय विश्वकर्मा के द्वारा संकुल क्षेत्र के समस्त कर्मचारियों शिक्षकों को अनावश्यक प्रताड़ित किए जाने की लिखित शिकायत सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग सिवनी को प्रस्तुत की गई है।

जिसमें बताया गया है कि वर्तमान समय में गोरखपुर संकुल अंतर्गत डीडीओ के प्रभार संभाल रहे अंजय विश्वकर्मा द्वारा कई वर्षों से कर्मचारी व संकुल शिक्षकों को तरह तरह की भ्रामक जानकारी देकर उन्हें डराया धमकाया जाता है। उनके स्कूल कार्यालय में जाकर रिकार्ड खंगालना, रिकार्ड उठाकर ले जाना, या फिर उनकी छोटी सी शिकायत पर भी जांच पंचनामा के बगैर ही वरिष्ठ कार्यालय से कार्रवाई करवाने की धमकी दी जाती है व वेतन रोकने जैसी बातें कर कर्मचारियों से सेटलमेंट के नाम पर मनमानी रकम वसूल की जाती है। आखिरकार इन सब बातों से प्रताड़ित होकर क्षेत्र के 24 शिक्षकों ने लिखित शिकायत प्रस्तुत किया है। अब देखना यह है कि उक्त लिखित शिकायत पर संबंधित डीडीओ प्रभारी अंजय विश्वकर्मा व उसकी टीम पर विभाग क्या ऐक्शन लेता है

### लिखित शिकायत में बताया संकुल प्रभारी डीडीओ का खेल

प्रताड़ित हो रहे शिक्षकों ने अपनी लिखित शिकायत में प्रभारी डीडीओ अंजय विश्वकर्मा के चाल चरित्र के बारे में उल्लिखित किया है कि प्रभारी डीडीओ द्वारा आए दिन आकारण ही स्कूलों की जांच की जाती है एवं शिक्षकों को ए. सी. ऑफिस के नाम पर डराया एवं धमकाया जाता है व विद्यालयों में जांच के नाम पर शासकीय रिकार्ड उठाकर ले जाया जाता है जिसका कोई पंचनामा नहीं बनाया जाता और ना ही कोई लिखित में जब्ती की पावती संस्था प्रमुख को दी जाती हैं एवं सेटलमेंट के नाम पर राशि की डिमांड की जाती है। नहीं दिए जाने पर वेतन रोकने एवं वरिष्ठ कार्यालय को उल्लेख करने की धमकी जाती है। शिक्षकों द्वारा किसी भी प्रकार का आवेदन जमा करने के लिए यदि शिक्षक जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य के पास जाता है तो प्राचार्य द्वारा डीडीओ के पास भेजा जाता है एवं डीडीओ उस आवेदन को स्वीकार नहीं करता, डीडीओ अंजय विश्वकर्मा कहता हैं कि यह मेरा काम नहीं है उस आवेदन को संकुल प्रभारी के पास भेजा जाता है। जहां पर प्रभारी प्राचार्य द्वारा कहा जाता है कि पहले आवेदन बाबू अंशकालीन गणक शिवम शिवे से चेक कराएं। इसके बाद स्वीकार किया जाएगा जोकि शिवम शिवे ना तो फ़ोन उठाता है और न ही मिलता है। बाबू अंशकालीन गणक शिवंम शिवे पुरे समय छपारा विकासखण्ड कार्यालय में रहता हैं और आसानी से आवेदन स्वीकार एवं चेक नहीं करता हैं। जिससे शिक्षकों को बहुत अधिक समस्या होती है एवं सभी प्रकार के काम के लिए छपारा बुलाया जाता है। इस प्रकार शिक्षक बिजादेवरी छपारा एवं गोरखपुर के चक्कर लगाते हैं।

इन सब समस्याओं से जब शिक्षक परेशान होता है तब शिवम शिवे अंशकालीन गणक द्वारा भी शिक्षकों से अनावश्यक रूप से राशि की वसूली की जाती है। छोटे छोटे काम के लिए छपारा एवं गोरखपुर के चक्कर लगाना बहुत ही परेशानी का काम है जिससे शिक्षकों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से बहुत अधिक परेशानी होती है और वह अपना कार्य नहीं कर पाते। इस तरीके की शिकायत प्रस्तुत कर संबंधितों पर कार्यवाही की मांग की गई है।




### वेतन रोकने व वरिष्ठ कार्यालय को पत्रचार करने की दी जाती धमकी

संकुल प्रभारी डीडओ अंजय विश्वकर्मा द्वारा शालाओं के निरीक्षण के दौरान शालाओं के वित्तीय अभिलेखों की जबरन जांच के दौरान विभिन्न प्रकार की कमियाँ निकाल कर वित्तीय अभिलेखों एवं शालाओं के अन्य रिकार्डों की फोटो खींचकर तथा पंजियों को अपने साथ ले जाकर व बाद में स्पष्टीकरण के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रश्न व कमियां निकालकर वित्तीय अनियमितताओं के नाम पर तथा स्पष्टीकरण का जवाब संतोषप्रद न होना बताकर एक माह के वेतन रोकने एवं वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार करने।

के नाम पर विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जाता है और संस्था प्रमुखों व शिक्षकों कार्रवाई से बचाने के नाम पर राशि की वसूली संबंधितों के द्वारा की जाती है। शिक्षक द्वारा राशि नहीं दिए जाने पर संबंधितों के द्वारा इनके संपर्क के किसी व्यक्ति के नाम आरटीआई लगाकर मीडिया या पत्रकार पहुंचाकर सेटलमेंट के नाम पर इनके द्वारा राशि की वसूली की जाती है और शिक्षकों को मानसिक शारीरिक आर्थिक परेशानियां दी जाती है

### संकुल प्राचार्य विरनलाल नागेश, अंशकालिन (गणक) शिवम शिवे और डीडीओ अंजय विश्वकर्मा की मिलीभगत उजागर

डीडीओ प्रभारी अंजय विश्वकर्मा द्वारा जब वसूली करना होता है तो उनके द्वारा बिना कारण के ही विद्यालय की जांच की जाती और जांच के बाद उक्त शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा जाता है तो शिक्षक परेशान होकर संबंधितों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण का जवाब प्रस्तुत करने के लिए यदि प्रभारी संकुल प्राचार्य बीरनलाल नागेश शासकीय हाईस्कूल गोरखपुर के पास जाता है तो संकुल प्राचार्य द्वारा आवेदन लेने से मना कर दिया जाता है और संकुल प्राचार्य द्वारा कहा जाता है कि स्पष्टीकरण का जवाब डीडीओ के पास ही जमा करें। इस दौरान डीडीओ से इस संबंध में संपर्क किया जाता है। तो वह कार्यालय गोरखपुर में नहीं रहते वह कहते हैं कि छपारा आकर जवाब प्रस्तुत करें। इस तरह हम शिक्षकों को स्कूल से छपारा की दूरी करीब 30 **km** है और हमें आने जाने जवाब पेश करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस तरह संकुल प्राचार्य बीरनलाल नागेश, डीडीओ अंजय विश्वकर्मा एवं अंशकालीन गणक शिवम शिवे यह सब मिलकर के हम शिक्षकों को तरह तरह की प्रताड़ना देकर कार्रवाई की धमकी देकर वेतन रोकने की धमकी देकर ऊपर पत्राचार करने की धमकी देकर हमसे अलग-अलग तरीके से पैसों की वसूली करते हैं। उक्त संबंध की शिकायत प्रस्तुत की गई।

# ज्वालादेवी सिद्ध पीठ का 11वाँ पाटोत्सव भक्तिभाव एवं धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

आदिशक्ति ज्वाला देवी सिद्ध पीठ मंदिर परतापुर रोड का 11वाँ पाटोत्सव शुक्रवार 25 अप्रैल को पूज्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज की वरद उपस्थिती में भक्ति भावपूर्ण उत्साह के साथ संपन्न हुआ । एक दिवसीय पाटोत्सव कार्यक्रम शास्त्रीय विधि अनुसार विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ किया गया ।

प्रातः 9 बजे अभिषेक पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक पूजन की विधि संपन्न की गयी । तत्पश्चात प्रातः11 बजे सहस्त्रचन11 यजमानो द्वारा विभिन्न प्रकार की सामग्री से किया गया, दोपहर 01 बजे हवन, दोपहर 3 बजे राधा कृष्ण महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का पाठ एवं रात्रि 07 बजे 108 दीपों से संगीतमय महा आरती की गयी । कार्यक्रम में पहुँचे स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने कार्यक्रम में उपस्थित भक्तगणों को रसपूर्ण संबोधन में कहा कि भारत भूमि योग की भूमि है जबकि दुनिया के अन्य देश भोग से चलते है भारत धार्मिक मान्यताओं धर्मानुशासन से चलता है । स्वामी प्रज्ञानानंद जी ने मंदिर में नियमिति रूप से चल रहे सुंदर कांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ की प्रशंसा करते हुये कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि इस केन्द्र से समाज में जागरूकता के संदेशों का प्रवाह होता है और इसका परिणाम भी सकारात्मक आ रहे है । धर्म चर्चा के पश्चात महा आरती के पश्चात विशाल देवी जागरण के काय्रक्रम में सोहन पटेल, गोंदिया, सत्येंद्र अवस्थी, प्रीति राजपूत, मुनमुन तिवारी, हार्षिता यादव रिया पंचेश्वर, गजेन्द्र बब्लू, आदि, राजा चौधरी आदि के सुंदर प्रस्तुति दी । इसके पश्चात भंडारा महा प्रसाद का वितरण किया गया । पाटोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक धार्मिक राजनेतिक क्षेत्र के व्यक्तियों तथा आमजनता ने उपस्थिती दी ज्वाला देवी मंदिर समिति सभी उपस्थित जनों एवं कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग करने वाले सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त करती है ।



### खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर स्ट्रीट फूड वेंडरों को दी गई खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खाद्य निरीक्षण सिवनी ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देश पर तथा उपसंचालक डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिवनी के मार्गदर्शन में विगत दिवस छपारा स्थित चौपाटी एवं स्ट्रीट फ़ूड वेंडर जिसमें चाट ,पानीपुरी, न्यूडल्स, समोसा ,मगोड़े व अन्य शीतल पेय विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारियो की दुकान/स्टालो का निरिक्षण कर खाद्य पदार्थो का सेम्पल लेकर जाँच हेतु प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए है।

# बैंक मित्र काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन के सभी सदस्य बैंक मित्र 1 मई मजदूर दिवस पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कियोस्क संचालक बैंक मित्रों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने का प्रदेश भर में आवाहन किया है। सूचना आरबीआई को भेज कर बताया कि उन पर जबरदस्ती बीमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। और यदि ऐसा नहीं होता है या बैंक मित्र द्वारा बीमा नहीं किया जाता है। तो उसकी आईडी बंद कर दी जाती है। ऐसी मानसिक प्रताड़ना के कारण बहुत से बैंक मित्रों ने आत्महत्या कर ली है। इसलिए प्रदेश भर के सभी बैंक मित्र 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैंक मित्र संगठन के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया है कि जबरदस्ती ग्राहकों का बीमा हम लोगों से कराया जा रहा है। कई प्रकार की प्रताड़नाएं हम लोगों को झेलनी पड़ रही है जिसके कारण हम सभी संगठन के साथी 1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जताएंगे।

## खबर संक्षेप

### निषाद निकोसे का हुआ स्थानांतरण बने मॉयल प्रबंधक

**कटंगी।** भारत सरकार के उपक्रम मॉयल लिमिटेड ने गत दिवस प्रशासनिक दृष्टिकोण से अपने दो अधिकारियों के स्थानांतरण के आदेश जारी किए है. संयुक्त महाप्रबंधक ने आदेश जारी कर सहकारी महाप्रबंधक पद के अधिकारी प्रशांत डाकरे और निषाद नरेन्द्र निकोसे का स्थानांतरण किया है. प्रशांत डाकरे को वीटी सेंटर मनसर में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि तिरोड़ी मॉयल के सहकारी महाप्रबंधक निषाद निकोसे को बालाघाट जिले की ही उकवा मॉयल में बतौर मायॅल प्रबंधक के रुप में नियुक्ति दी गई. मायॅल जनशक्ति मजदूर महासंघ अध्यक्ष रामकृपाल खुरसैल, महामंत्री कल्पना रणदिवे सहित महासंघ के समस्त पदाधिकारियों ने दोनों ही अधिकारियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### पहलगाम आतंकी हमले की मदरसे के नाजिम ने की निंदा

**कटंगी।** गत दिवस 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम बैसरन घाटी में पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा कायराना हमला कर 26 बेकसूर लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई. जिसकी सर्वत्र निंदा की जा रही है. इसी कड़ी में मौलाना आजाद एजुकेशन सोसायटी के माध्यम से ग्राम डोंगरिया तह. लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र. में संचालित मदरसा के नाजिम (प्रबंधक) मौलाना इरशाद के द्वारा भी उक्त आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है. उन्होंने हमले में मारे गये लोगों व उनके परिवार के लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है. उन्होने आगे कहा है कि इस्लाम धर्म अमन चैन और भाई चार का संदेश देता है. इस्लाम धर्म के अनुसार "कोई व्यक्ति यदि किसी निर्दोष व्यक्ति की नाहक हत्या करता है तो वह व्यक्ति ऐसा है जैसा उसने सारे इंसानों की हत्या कर दी." इस्लाम का आतंकवाद एवं आतंकवादियों से कोई संबंध नहीं है. आतंकवादियों ने जो कायरता पूर्वक कृत्य किया है वह कतई काबिले बर्दाश्त नहीं है. हम इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं. भारत सरकार आतंकवादियों के खिलाफ जो भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही करेगी।

### भगवान परशुराम जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम-पाठक

**बालाघाट।** हिन्दू पंचाग के अनुसार हर साल वैसाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के साथ परशुराम जयंती मनाई जाती है जो इस साल 30 अप्रैल को मनाई जायेगी। हिन्दू इतिहास के अनुसार परशुराम का जन्म ऋषि जम्दाग्नि और उनकी क्षत्रिय पत्नी रेणुका के घर हुआ था। स्थानीय परम्परा में यह माना जाता है कि वे जावापाव में स्थित एक झोपडी में रहते थे। उनके पास सुरभि नाम की एक दिव्य गाय थी, जो उन्हें वह सब देती थी, जो वे चाहते थे। सुरभि गाय कामधेनु की बेटी है। भगवान परशुराम भृग वंश के थे, उनका गौत्र भार्गव है, वे भार्गव गोत्र के कुल गुरू भी माने जाते है। परशुराम भगवान विष्णु के छठवें अवतार है।

## सुदर्शन क्रिया करने से तनाव में कमी, आत्मविश्वास में हुई बढ़ोतरी

# आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस शिविर हुआ सम्पन्न







### सेवा सप्ताह के तौर पर मनाया जायेगा श्री श्री का जन्म दिवस

बालाघाट

प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ने बताया कि यह शिविर नगर पालिका बालाघाट के सभागार मे आयोजित किया गया जहाँ शिविर में शामिल साधको ने अपने अनुभवों में बताया कि इस कोर्स के माध्यम से एकाग्रता,स्मरणशक्ति,आत्मविश्वास में बढ़ोतरी निर्णय लेने की क्षमता में विकास, सम्बन्धों में मधुरता, उच्च कार्य क्षमता और उर्जा, नेत्रत्व क्षमता में विकास, परिस्थितियों और व्यक्तियों से निपटने की कुशलता एवं विचारों में स्वच्छता, शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से लड़ने की शक्ति,नींद में सुधार

हमें विशेष तौर से सुदर्शन क्रिया व ध्यान प्राणायाम सिखाया गया जो कि बहुत ही प्रभावी है। हमारे शरीर के सभी विषैले पदार्थ, श्वास द्वारा शरीर से निकल जाते हैं। यदि हम अपने शरीर से अधिक मात्रा में शारीरिक व भावनात्मक तनाव निकालेंगे तो हमारे जीवन का दृष्टिकोण पूरी तरह से बदल सकता है।

साधकों ने तनावग्रस्त व शारीरिक तौर पर अस्वस्थ जीवन जीने वालों से आव्हान किया है कि जिंदगी को बदलने और स्वयं में बदलाव लाने के लिए वे एक बार आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कार्यक्रम का हिस्सा ज़रूर बने। जिंदगी में परिवर्तन की नई उर्जा लेकर जीवन जीने का आनंद ही आनंद मिलेगा। योग संस्क्रति व अध्यात्म हमारी धरोहर है और हमने इसका प्रयोग कर लिया तो हम अपने जीवन के सहीं मूल्यों को पा सकते है।

### श्री श्री के जन्मदिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था मनायेगी सेवा सप्ताह

जिला समन्वयक ऋतु मोहारे ने बताया कि आगामी तेरह मई को गुरूदेव श्री श्री का जन्मदिवस आर्ट ऑफ लिविंग संस्था बालाघाट द्वारा सेवा सप्ताह के साथ अनेक सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जायेगा जिस कड़ी में आनन्द अनुभूति शिविर हैप्पीनेस प्रोग्राम आगामी 07 से 12 मई तक बालाघाट में सुबह 06 से 09 बजे तक पुनः किया जाएगा वहीं 11 से 13 मई तक सहज समाधि ध्यान योग शिविर बैंगलोर से आ रहे प्रशिक्षक अरविंद बालपाण्डेजी के मार्गदर्शन में किया जायेगा साथ ही 13 मई को सुबह सुदर्शन क्रिया के बाद रक्तदान शिविर व स्वच्छता अभियान का आयोजन के साथ रात्रि में 08 बजे से सुमेरू भजन सँध्या का आयोजन भी किया गया है वहीं आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग सेवा बस्तियों व शासकीय कार्यालयों में आमजनों को योग के प्रति जागरूक करने निःशुल्क योग शिविर के आयोजन किये जायेंगे वहीं अभिभावकों की मांग पर 8 से 13 वर्ष के बच्चों व 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग किशोर अवस्था के बच्चों के लिये विशेष तौर से तैयार शिविर भी कराया जायेगा ।जिन सभी विषयों में जानकारी हासिल करने के लिये संस्था के मोनं. 7803970382 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।



शिविर के समापन पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षक सुरजीत ने कहा कि हम सभी का उद्देश्य ही हिंसामुक्त और तनावमुक्त समाज बनाना है जीवन जीने की कला से लोगों को परिचित कराकर चेहरे पर मुस्कान लाना है। यह संकल्प हम सभी का होना चाहिये है,जिसे आज मिशन के रूप में श्री श्री ने पूरे विश्व के 184 से भी अधिक देशों में चलाया जा रहा है। और इसके मूल में खुशी और स्वतंत्रता का अनुभव कराना है।

### शिविर के प्रशिक्षणार्थियों ने बांटे अपने विचार

शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव बताते हुये कहा कि हमने शिविर के दौरान जहां जीवन जीने की कला सीखी वहीं सुदर्शन क्रिया,योग ध्यान, प्राणायाम के साथ ही दैनिक जीवन को कैसे व्यवस्थित करें यह भी सीखा । वहीं राष्ट्र व समाज की ज़िम्मेदारी लेकर हम किस तरह ज़िम्मेदारी पूर्वक मानव उत्थान के लिये अपना योगदान दे सकते हैं इस बात का हमें इस शिविर में अहसास हुआ, भागदौड़ की इस दुनिया में जीवन की खुशी और आनंद कहीं खो गयी थी और हम तनावग्रस्त जीवन जी रहे थे हमने श्वांस की यह चमत्कारिक तकनीक सुदर्शन क्रिया कर मानसिक व शारीरिक स्तर पर बहुत कम समय में अधिक परिवर्तन महसूस किया सुदर्शन क्रिया करने के बाद मन में खुशी, उमंग, उत्साह, स्वतंत्रता का एक नया एहसास होने लगा है। आर्ट ऑफ लिविंग के आनन्द अनुभूती शिविर की ध्यान योग ने हमारा नजरिया ही बदल दिया।। चित्त को शांत और मन प्रसन्न करने वाले शिविर ने जीवन में नया बदलाव लाया है। आर्ट ऑफ लिविंग के शिविर में सभी साधकों का अनुभव लगभग यही रहा।

इसी कड़ी में हेमेन्द्र बिसेन ने बताया कि मैं शासकीय सेवक हूँ,मैंने अपने जीवन में अनेको अनुभव किया है लेकिन सुदर्शन क्रिया के बाद महसूस हुआ कि जीवन क्या है सुदर्शन क्रिया करने के बाद मन को विश्राम मिला और सहजता से तनाव से मुक्ति का अनुभव हो रहा है मैं आगे भी सुदर्शन क्रिया का अभ्यास जारी रखुंगा वहीं और भी लोगों को प्रेरित करूँगा ।

युवा प्रतिभागी आईआईटी ईंजीनियर प्रत्यक्षा पटेल ने बताया कि सुदर्शन क्रिया व हैप्पीनेस कोर्स करने से चिंता करने से मिली मुक्ति पूर्व घटनाओं को बताते हुए कहां की यह सुदर्शन क्रिया मेरे लिए ही बनी है क्योंकि जब मैं आई आई टी की जेई की पढ़ाई कर रही थी तो मुझे तनाव व चिंता का बहुत सामना करना पड़ा तनाव चिंता की वजह से उस समय मेरे पास सुदर्शन किया जैसा उपाय नहीं था

मैने ऑनलाइन सीखने का प्रयास किया लेकिन सही तरीके से नहीं सीखा जैसे ही मैंने सुदर्शन क्रिया सीखा मैं अनुभव किया कि इतना विश्राम और खुशी अनुभव मैं पिछले चार-पांच सालों से नहीं किया आज मैं खुले मन से कह सकती हूं कि यह सुदर्शन क्रिया की तकनीक छात्र व दैनिक जीवन में बहुत जरूरी है जिससे वह और बेहतर लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे ।

ईंजी सुनील वासनिक ने बताया कि सूदर्शन क्रिया करने के बाद से तनाव से मुक्ति मिली और अभी मुझे पहले से ज्यदा ऊर्जावान महसूस हो रहा है अब हम वर्तमान में रहकर खुशी व शान्ती का अनुभव कर रहे है वहीं अपने कार्यक्षेत्र में अच्छे से कार्य कर पा रहे हैं और मैं इस सुदर्शन क्रिया को प्रतिदिन करूंगा ।राजूला गड़पाले ने बताया कि मै एक ग्रहणी हूँ मैं सोचती थी कि मुझे क्या जरूरत है यह आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पिनेस प्रोग्राम करने कि लेकिन मुझे विक्की पालेवार ने बताया कि एक बार आप यह शिविर करके देखो तो मै आ गई पहले ही दिन से अनुभव होने लगा कि यह शिविर में कुछ तो बात है और जब सुदर्शन क्रिया सीखी तो मन को विश्राम और बहुत सारी समस्याओं का हल निकल गया और मै चिंता व तनाव से अपने आपको मुक्त महसूस कर पा रही हूँ सभी से आग्रह करती हूं कि अपने इस जीवन में एक बार सुदर्शन क्रिया का सभी ने अनुभव करना चाहिए ।

युवा प्रतिभागी ईशान ठाकुर ने बताया कि सुदर्शन क्रिया से सच में सकारात्मकता व आत्मविश्वास मे मजबूती मिली नई-नई तकनीक से मन को कैसे संभाले वैज्ञानिकता व प्रमाणिकता से सिद्ध किया गया और मैं अनुभव भी किया कि यह तकनीक हमारे मन व शरीर पर कैसे काम कर रही है मैं केवल ऐसा होता है सुना था आज अनुभव भी किया अंदर से स्वयं से खुशी का अनुभव कर रहा हूं वर्तमान में कैसे जीवन जिये यहां प्रत्यक्ष अनुभव किया और अपनी भावनाओं को कैसे अपने नियंत्रण में करे यह तकनीक भी सीखी जिससे मुझे पढाई करने व परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल रही है ।

# बालाघाट की बेटियों के साथ अन्याय पर भाजपा सरकार क्यों चुप है - संजय उइके

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।**

23 अप्रैल को बालाघाट जिले में चार आदिवासी नाबालिग बच्चियों के साथ सामूहिक बलात्कार जैसी वीभत्स घटना हुई, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। इस जघन्य अपराध को घटित हुए कई दिन बीत चुके हैं, इस घटना को लेकर विधायक संजय उइके ने आरोप लगाया लेकिन आज तक प्रदेश के मुख्यमंत्री, बालाघाट के प्रभारी मंत्री या किसी भी वरिष्ठ भाजपा नेता ने पीड़ित परिवारों से मिलना तो दूर, एक संवेदना का शब्द तक नहीं बोला।विधायक संजय उइके ने आरोप लगाया है कि यह चुप्पी किस बात की है? क्या आदिवासी बेटियों का दर्द इस सरकार के लिए कोई मायने नहीं रखता?

क्या भाजपा की प्राथमिकता में आदिवासी समाज की अस्मिता और सुरक्षा कहीं नहीं आती?

**विधायक संजय उइके ने मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री से पूछा कि वे बताएं कि** — आदिवासी बेटियों के साथ हुए इस अन्याय पर आपकी सरकार का अब तक कोई स्पष्ट रुख क्यों नहीं आया? पीड़ित परिवारों को अब तक न्याय दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं?आरोपियों को कठोरतम सजा दिलाने के लिए सरकार कितनी गंभीर है?भाजपा सरकार की यह संवेदनहीनता साफ दर्शाती है कि उनके लिए आदिवासी समाज केवल चुनावी भाषणों और वोटों तक सीमित है। जब धरातल पर न्याय और सुरक्षा देने की बात आती है, तो भाजपा सरकार मौन साध लेती है।

# शिक्षा के क्षेत्र में मिला सम्मान

### महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया दिल्ली में एकेडएलीट अवार्ड से हुए सम्मानित*

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।**

निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में बालाघाट मध्य प्रदेश में नए नए आयाम स्थापित कर रहा है जिस कारण शहर शिक्षाविदों का एक बड़ा हब बनाता जा रहा है। इसी ओर एक कदम और बढ़ाते हुए महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए नई दिल्ली के होटल हॉलिडे इन में 26 अप्रैल शनिवार को बीजेपी लीडर प्रेम शुक्ला, चेयरमैन महर्षि शिक्षा संस्थान ब्रह्मचारी गिरीश की मौजूदगी में समारोह पूर्वक ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम (जीएसएलसी) द्वारा एडुबीकॉन ऑफ द ईयर 2024-25 चुने जाने पर जीएसएलसी एकेडएलीट अवाड्र्स 2025 से सम्मानित किया गया।

यह राष्ट्रीय अवार्ड उन व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाते हैं जिन्होंने शैक्षणिक परिदृश्य को बदल दिया एवं शिक्षा जगत में असाधारण नेतृत्व, जुनून और उद्देश्य का प्रदर्शन किया तो वही दूसरों को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया तथा अपने दूरदर्शी नेतृत्व से शिक्षा के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया।

### इसलिए किया गया सम्मानित

श्री सतीश कुमार चौरसिया ने प्राचार्य के रूप में 25 से अधिक वर्षों तक प्रभावशाली नेतृत्व किया हैं, जिससे उन्होंने संस्थान को शैक्षणिक उपलब्धि, सांस्कृतिक जीवंतता और मजबूत नैतिक आधार का प्रतीक बना दिया है। उनके मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (नीट/जेईई), खेलों और मूल्य-आधारित शिक्षा में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया। आजीवन सीखने और व्यक्तिगत अनुशासन के स्कूल के द्वार से परे वो समाज सेवा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है, उनके परोपकारी प्रयासों ने




जागरूकता, करुणा और सक्रिय नागरिकता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट के सभी शिक्षक शिक्षकों के द्वारा उन्हें यह सम्मान मिलने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी है तथा उन्होंने बताया कि हमारा महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट यह सम्मान मिलने से सभी लोग गौरवान्वित हुआ है।

## जर्जर सड़क को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## *हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी, ग्राम सर्रा के सोन नदी पुल की सड़क का मामला

### सरपंच के आवास निर्माण और पूर्व सचिव की पदस्थापना की मांग

**लांजी।** क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे से मिलने ग्राम सर्रा के ग्रामीण 27 अप्रैल को बड़ी संख्या में पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि सोन नदी पूल के दोनों तरफ जर्जर सडक में उचित ढंग से मरम्मत जल्द की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि हमारी मांग पूरी नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में हम उग्र आंदोलन और हड़ताल पर जाने बाध्य होंगे। ग्राम पंचायत सर्रा में सोन नदी के दोनो ओर सड़क जर्जर होने के बावजूद लंबे समय से शासन-प्रशासन की अनदेखी की वजह से विकास से कोसों दूर है। शायद इसी वजह से गांव की खराब सड़कों को लेकर उठने वाली जन आवाज की सुनवाई भी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने विधायक को कहा की इसके पूर्व सीएम हेल्पलाईन एवं जनसुनवाई में भी शिकायत की जा चुकी है परंतु समस्या का समाधान नहीं निकल सका है। ग्रामीणों ने बताया की सर्रा सोन नदी जिस पर वर्ष 2013 में पुल निर्माण कार्य हुआ है उक्त पूल के दोनों बाजू लगभग 1 किलोमीटर सडक विगत 6-7 वर्षो से जर्जर हो चूकी है इस सडक की हालत इतनी बेहाल है कि इसमें गिट्टी डामर उखड चूका है और खड्डे हो चुके है जिसमें वर्षा ऋतु एवं अन्य समय में भी आने जाने वाले कि गाडिया गिरने से कई दुर्घटना हो चुकी है एवं सोन नदी के इस तरफ 10-12 ग्राम के लगभग 15 हजार लोग निवास करते जिन्हें लांजी मुख्यालय एवं स्कूली बच्चों एवं गर्भवती महिला एवं सभी ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है, इस सडक सुधार हेतू हम ग्रामीणों द्वारा विधायक महोदय एवं प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है किन्तु इसका निराकरण अभी तक नहीं हुआ इसके बाद सभी ग्रामीणों की ओर सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई किन्तु एक माह होने पर भी शिकायत का निराकरण नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कहा की अभी 2 माह बाद वर्षा ऋतु आने वाली है और उक्त सडक में ग्रामीणें को आने जाने में परेशानी है।

### सरपंच के आवास निर्माण की जांच करें

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2021-22 में झामेन्द्र टिकेश्वर का आवास स्वीकृत हुआ किन्तु उक्त संरपच द्वारा आज 4 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया इसके द्वारा अपने भतीजे ग्राम रोजगार सहायक इन्द्रकुमार टिकेश्वर पर दबाव डालकर अपने रिश्तेदारों के द्वारा आवास निर्माण स्थल पर प्लीन्थ का जीओटेग करवाकर 70,000 हजार रुपये निकलवा लिया है और उक्त राशी से आज तक अपना मकान निर्माण कार्य संरपच होने के बावजूद भी पूर्ण नहीं किया गया है जो जांच का विषय हैं। इस संबंध में हमारे द्वारा जनसुनवाई पर एवं सी एम हेल्पलाइन शिकायत दर्ज किया गया था किंतु आज 2 माह होने पर भी जांच कार्यवाही नहीं हुई है। कृपया तत्काल जांच कार्यवाही कर अवगत कराने की कृपया करें।

### पूर्व सचिव को पुनः पदस्थ किये जाने की मांग

ग्रामीणों ने कहा महेन्द्र बागड़े सचिव जो ग्राम पंचायत नेवरवाही में पदस्थ थे उनका स्थानानंतरण शाम पंचायत टेकरी में हो चुका है जिससे हम ग्रामीणों को परेशानी हो रही हैं इनको पुनः ग्राम पंचायत नेवरवाही में पदस्थ किये जाने के लिए हमारे द्वारा 3 माह से 5 बार जनसुनवाई में आवेदन एवं सी एम हेल्पलाइन में शिकायत कर चुके है।

## ताक पर मानक व नियम, जगह-जगह हो रहा मिट्टी का खनन

# साडरा में बिना अनुमति तालाब से मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन

**लांजी।**

ईंट-भ_ों, निर्माणाधीन सड़कों, सरकारी और गैर सरकारी भवनों में मिट्टी की पुराई अहम जरूरत है। इसकी पूर्ति के लिए नियम और मानक ताक पर रखकर जगह-जगह मिट्टी खनन किया जा रहा है। नतीजा कि न सिर्फ राजस्व को चूना लग रहा है, बल्कि मुख्य व संपर्क वाली सड़कें भी खराब हो रही हैं। मिट्टी के व्यवसाय के जुड़े कारोबारी हर दिन भारी मुनाफा कमा रहे हैं। ताजा मामला जनपद क्षेत्र लांजी के ग्राम साडरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 बुद्ध विहार स्थित छोटे तालाब का है जहां उत्खननकर्ताओं द्वारा बिना अनुमति के 100 से अधिक ट्रेक्टर मिट्टी बुलडोजर से उत्खनन कर परिवहन किया गया है जिसकी प्रशासनिक अनुमति भी नहीं है। सिर्फ आवेदन देकर उत्खनन किया जा रहा है जो नियम विरूद्ध है। वहीं जब इस संबंध में एसडीएम को जानकारी दी गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की अनुमति नहीं लेना बताया गया।

### प्रशासन की मिल चुकी है मौन स्वीकृति

अंधेर यह है कि पुलिस जहां साठगांठ के कारण ऐसे वाहनों को नहीं रोकती तो वहीं अफसर इस ओर आंख बंद किए हैं। मनमानी के कारण कारोबारी धरती का सीना हर दिन छलनी कर रहे हैं। वहीं इन दिनों लांजी क्षेत्र में बड़े पैमाने में हर दिन मिट्टी खनन हो रहा है। अंधेर यह है कि मिट्टी ढुलाई के लिए उन ट्रैक्टरों का उपयोग हो रहा है, जो केवल कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में निर्माणाधीन मकान मुख्य खपत प्वाइंट बनकर उभरे हैं। सरकार ने किसानों के लिए दस ट्राली तक मिट्टी उपयोग के लिए रायल्टी में छूट दी है, इसका लाभ उठाते हुए मिट्टी व्यवसायी सैकड़ों ट्राली व डंफर मिट्टी निकाल कर कमाई कर रहे हैं। व्यवसायी रात का समय मुफीद मानते हैं और मिट्टी खनन रात भर कराकर उसकी आपूर्ति की जाती है।

### बंजर भूमि, तालाब और टीले को बना रहे निशाना

मिट्टी खनन में जुटे व्यवसायी अधिकारियों कर्मचारियों से साठगांठ करके उन जगहों को खनन प्वाइंट बना रहे हैं, जो भूमियां सरकारी हैं। जैसे तालाब, टीले, बंजर भूमि, जंगल क्षेत्र में जमकर खुदाई की जा रही है। इसके लिए किसी को मिट्टी का कोई मूल्य नहीं देना पड़ता है। रात के अंधेरे में इन सरकारी जमीनों में बुलडोजर मशीन लगाकर खोदाई की जा रही है। रात.रात भर ट्रैक्टर ट्रालियों को ढुलाई के लिए लगाया जाता है।